आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.06.2025 / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने धर्मशाला में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 के वार्षिक सम्मेलन का किया शुभारंभ– देश की सभी विधानसभाओं में ए.आई. तकनीक के इस्तेमाल पर दिया बल।
- केंद्र सरकार ने प्रदेश में सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए 3 हज़ार 6 सौ 67 करोड़ रूपये की वार्षिक योजना को दी मंजूरी।
- राजीव बिंदल का फिर से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुना जाना तय– कल होगी आधिकारिक घोषणा।
- प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त– सैंकड़ों सड़कें, पेयजल योजनाएं व बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित।

राष्ट्रमंडल सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन स्थित प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में ओम बिड़ला ने कहा कि अगले वर्ष तक सभी राज्यों की विधानसभाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे बेहतर कार्य करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। ओम बिड़ला ने कहा कि दलबदल कानून की व्यापक समीक्षा होनी चाहिए और सम्मेलन में इस विषय पर भी विस्तृत चर्चा होगी। लोकसभा अध्यक्ष ने देश की सभी विधानसभाओं में ए.आई. तकनीक के इस्तेमाल पर बल देते हुए कहा कि इससे शासन में पारदर्शिता आएगी।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने बताया कि सम्मेलन में विकास में विधायकों की भूमिका, दलबदल विरोधी कानून और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

*इसमें हम पांच स्टेट्स तो जो है वो होस्ट स्टेट्स हैं, जिसमें हिमाचल है, जम्मू कश्मीर है, साथ में पंजाब है, हरियाणा है, दिल्ली है, जो इशूज हमने कॉन्फ्रेंस में रखे हैं, जिसमें तीन इशूज हैं, रोल ऑफ द लेजिस्लेचर्स इन मैनेजिंग द स्टेट रिसोर्सेस विजा बेस डेवलपमेंट ऑफ द स्टेट, दूसरा जो 10 th शेड्यूल है एंटी डिफेक्शन लॉ उसके ऊपर क्या दृष्टिकोण है सभी राजनीतिक दलों का और तीसरा आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जो एक महत्वपूर्ण विषय है उसके ऊपर किस प्रकार से लेजिसलेचर की इस प्रोसेस को हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से और सशक्त और मजबूत कर सकते हैं*

सम्मेलन में हिमाचल के अलावा पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य सचेतक और उप–मुख्य सचेतक भाग ले रहे हैं। इसके अलावा कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष भी सम्मेलन में विशेष रूप से हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने संबोधन में सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि ये सम्मेलन लोकतंत्र को मज़बूत करने, विधायी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और आपसी सहयोग को मज़बूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू करने को बेहद ज़रूरी बताया। राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

<u>विक्रमादित्य सिंह</u>

केंद्र सरकार ने प्रदेश में सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 3 हज़ार 6 सौ 67 करोड़ रूपये की वार्षिक योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में बताया कि ये राशि वित्त वर्ष 2024–25 की वार्षिक योजना के तहत मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि इनमें सभी ज़िलों में राष्ट्रीय उच्च मार्गों में पुलों के निर्माण, सड़कों के स्तरोन्नयन और क्रैश बैरियर जैसे निर्माण कार्य शामिल हैं। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर प्रदेश में सड़क परियोजनाओं के निर्माण पर चर्चा की थी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने कुल्लू ज़िले में जलोड़ी जोत के नीचे सुरंग निर्माण के लिए एक हज़ार 4 सौ 52 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ हो गई है और आज नामांकन पत्र भरने के दिन केवल एक ही नामांकन पत्र भरा गया, जो वर्तमान अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भरा है। ऐसे में राजीव बिंदल का फिर से प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए भी 8 ही नामांकन पत्र भरे गए। इनमें पवन काजल, राजीव सहजल, त्रिलोक कपूर, पायल वैद्य, बिहारी लाल शर्मा, संजीव कटवाल और गोविंद ठाकुर शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कल शिमला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा करेंगे। भाजपा चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राजीव बिंदल  के नाम 3 अनुमोदन दाखिल हुए हैं।

*<u>हमारे पास प्रदेश अध्यक्ष के लिए केवल एक ही नाम के तीन सेट प्राप्त हुए हैं,जो प्रस्ताव प्राप्त हुआ है वो डॉक्टर राजीव बिंदल जी का प्राप्त हुआ है,अध्यक्ष और हमारे जो आठ जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का जो प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए हैं,उनकी विधिवत घोषणा कल पीटर हॉफ में 11 बजे केंद्र की ओर से हमारे जो केंद्रीय मंत्री हैं डॉक्टर जितेंद्र जी वो आकर इनकी विधिवत घोषणा प्रदेश अध्यक्ष की भी और राष्ट्रीय परिषद के आठ सदस्यों की भी घोषणा करें।</u>*

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हुआ है। भारी वर्षा के बाद एक ओर जहां नदी–नाले उफान पर हैं, वहीं भूस्खलन व भवन गिरने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। राज्य में 9 सौ 68 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं।

*डिस्पैच– हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा का क्रम जारी है, जिससे प्रदेश के सभी प्रमुख नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। सिरमौर ज़िले में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और प्रशासन ने आपात स्थिति के लिए गोताखोर तैनात किए हैं। किन्नौर ज़िले में सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद 4 सौ 50 मैगावॉट शौंगठोंग बिजली परियोजना का निर्माण कार्य बंद हो गया है। प्रदेश में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में 44 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 5 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य में कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण 2 सौ 59 सड़कों पर यातायात अवरूद्ध है जबकि एक सौ 30 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। राज्य सरकार ने मंडी, कुल्लू और कांगड़ा ज़िला प्रशासन को सभी बड़े बांधों की निगरानी के निर्देश भी जारी किए हैं। प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने, नदी–नालों से दूरी बनाए रखने और अनावश्यक यात्रा न करने की अपील भी की है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।*

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि शिक्षा के साथ–साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। आज आई.जी.एम.सी. शिमला में दंत चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक समारोह में भाग लेते हुए उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग को खत्म करने के लिए एकजुट होना ज़रूरी है।

गद्दी समुदाय

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार गद्दी समुदाय के कल्याण के लिए वचनबद्ध है और भेड़–बकरी के नुकसान पर दी जाने वाली मुआवजा राशि को बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। राज्य ऊन संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में गद्दी समुदाय के लोगों ने धर्मशाला में मुख्यमंत्री से भेंट की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का प्रस्ताव किया जाएगा।

भविष्य निधि

प्रदेश के प्रधान महालेखाकार कार्यालय ने राज्य सरकार के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं की वर्ष 2024–25 की वार्षिक विवरणियां प्रदेश सरकार की वैबसाइट डब्ल्यू डब्लयू डब्लयू हिमकोष डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड कर दी हैं। उप–लेखाकार प्रशासन व निधि, मीनू शर्मा ने बताया कि प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से सभी डी.डी.ओ. को पासवर्ड दिया जा चुका है।

"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने धर्मशाला में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 के वार्षिक सम्मेलन का किया शुभारंभ– देश की सभी विधानसभाओं में ए.आई. तकनीक के इस्तेमाल पर दिया बल।
- केंद्र सरकार ने प्रदेश में सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए 3 हज़ार 6 सौ 67 करोड़ रूपये की वार्षिक योजना को दी मंजूरी।
- राजीव बिंदल का फिर से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुना जाना तय– कल होगी आधिकारिक घोषणा।
- प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त– सैंकड़ों सड़कें, पेयजल योजनाएं व बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित।

---